दिनांकः 15.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेना दिवस के मौके पर आज राष्ट्र को तीन युद्धपोत सौंपे। नौसेना को मिले ये युद्धपोत आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस वाघशीर देश में बनाए गए हैं। महाराष्ट्र में हुए समारोह में प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि ये लड़ाकू जहाज देश के रक्षा बलों और **आत्मनिर्भर भारत** पहल को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण है।

.................

केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार आज जयपुर दौरे पर हैं। श्री कुमार दिव्यांगों के कौशल विकास और सशक्तिकरण के लिए समेकित क्षेत्रीय केन्द्र के स्थायी भवन के शिलान्यास कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं। वे सीआरसी के अस्थायी परिसर का उद्घाटन भी करेंगे। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से दिव्यांगों के पुनर्वास और कौशल विकास के लिए ये सेंटर चलाए जा रहे हैं। जयपुर में सीआरसी बनने से दूरदराज के दिव्यांगों को भी फायदा होगा। इन केन्द्रों के माध्यम से सभी श्रेणियों के दिव्यांगों को पुनर्वास सेवाएं दी जाएंगी। इसके साथ ही दिव्यांगों के बारे में सामुदायिक जागरुकता को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

.................

जयपुर में आज "जल संचय–जन भागीदारी'' पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री आवास पर होने वाले इस कार्यक्रम में केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल भी हिस्सा लेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और शहर के करीब दो सौ उद्यमी और समाज सेवी प्रदेश को जल आत्मनिर्भर बनाने पर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री ने आज सांगानेर के बीलवा में राधास्वामी सत्संग ब्यास के प्रमुख से भेंट की।

.................

प्रदेश के विभिन्न वर्गों से बजट पूर्व संवाद के माध्यम सुझाव आमंत्रित किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री शर्मा और वित्तमंत्री दीया कुमारी इसके लिए कल से 22 जनवरी तक अलग–अलग समूहों से संवाद करेंगे। इसी कड़ी में कल राज्य के कर्मचारी संगठनों के साथ बैठक की जाएंगी। गौरतलब है कि विधानसभा सत्र 31 जनवरी से शुरू हो रहा है और इस दौरान सरकार आठ से दस फरवरी के बीच, वर्ष 2025–26 का बजट पेश कर सकती है।

.................

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित होने वाली अध्यापक पात्रता परीक्षा–रीट 2024 के लिए आवेदन का आज अंतिम दिन है। परीक्षा के लिए अब तक करीब 12 लाख 29 हजार से अधिक आवेदन बोर्ड को प्राप्त हो चुके हैं। बोर्ड के सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि इनमें से कई अभ्यर्थियों ने रीट के दोनों स्तरों के लिए आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा 27 फरवरी को दो पारियों में आयोजित की जाएगी। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर की परीक्षा अलग–अलग समय पर होंगी।

.................

प्रदेश में आज कई स्थानों पर घने कोहरे, कुछ जगह बारिश होने और कहीं–कहीं ओले गिरने के भी आसार हैं। हनुमानगढ, चूरू, झुंझुनूं, भरतपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, भीलवाडा और जैसलमेर में घने कोहरे का दौर आज भी जारी रहा। कोहरे से यातायात प्रभावित है।
बारां जिले के सीसवाली और मांगरोल क्षेत्र में हल्की बारिश हुई। बांसवाडा में बूंदाबांदी हुई। कोटा में सर्द हवाओं ने जनजीवन प्रभावित किया है। पाली, सीकर, जैसलमेर, पिलानी और संगरिया में शीतलहर का असर है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आज भरतपुर, कोटा, अजमेर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बरसात की संभावना है।

.................

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरुक किया जा रहा है। इसी कड़ी में जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आज सड़क सुरक्षा पर आधारित ''एक और हादसा'' नाटक का मंचन किया जाएगा। बाडमेर में आज रन फॉर सेफ्टी हुई।

.................